# मेरे श्याम की महफ़िल | By Nisha Dutt

मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो
कृपा दिन रात बरसती है
बिन बोले वो सब मिल जाता
जिसे सारी दुनिया तरसती है
मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो
कृपा दिन रात बरसती है

जिस दिन से रखा है कदम दर पे
उस दिन से दीवाना दिल ये हुआ
रहते हो साथ मेरे हर दम
जबसे चौखट को मैंने छुआ
किसी और की ना दरकार उसे
जिस पर तेरी नज़रें रहती है
मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो
कृपा दिन रात बरसती है

जो कर न सका वो तूने किया
मजबूर को भी मशहूर किया
जिसके कोई साथ नहीं जग में
उसके तू साथ है श्याम पिया
अब आठो पहर दिल की धड़कन
तेरा ही नाम सुमरती है
मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो
कृपा दिन रात बरसती है

विश्वास मेरा एक दिन तू ही
मेरी नैया पार लगाएगा
भव सागर के दु:ख दर्दों से
छुटकारा तू ही दिलाएगा
राजू कहता जो दास तेरा
उसकी तो पार उतरती है
मेरे श्याम की महफ़िल में भक्तो
कृपा दिन रात बरसती है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%ab%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%b2-by-nisha-dutt/